अमर उजाला

# मिलावटखोरी: चावल में रंग मिलाकर तैयार हो रही थी "नकली हल्दी", 5.86 लाख का स्टाक सीज



खाद्य विभाग के लगातार छापों के बावजूद मिलावटखोरी नहीं रुक रही है। पनकी स्थित एक मसाला निर्माण इकाई में मंगलवार को चावल में पीला रंग मिलाकर इससे नकली हल्दी तैयार करने का मामला सामने आया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने यहां से करीब 5.86 लाख रुपये का संदिग्ध स्टॉक सीज किया है। टीम ने छह नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/adulteration-fake-turmeric-being-made-by-mixing-color-with-rice-fragments-stock-worth-5-86-lakh-seized-2026-08-04